Need to rehabilitate people displaced due to floods and erosion and presently residing on railway land in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar-laid

श्री सुनील कुमार **(**वाल्मीकि नगर**) :** मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वाल्मिकी नगर (बिहार) अंतर्गत बगहा के कैलाश नगर में बाढ़ के कारण कटाव पीड़ित परिवार 50 सालों से रेलवे की जमीन पर हजारों की संख्या में बसे हैं। इन्हें स्थायी और अधिकारिक रूप से बासगीत पर्चा दिए जाने की जरूरत है ताकि इन गरीब लोगों को सरकार की योजनाओं तथा आवास, शौचालय आदि का लाभ मिल सके। ये सभी लोग कटाव पीड़ित विस्थापित, गरीब व भूमिहीन है। मेरी सरकार से माँग होगी कि या तो रेलवे अपनी जमीन पर इन्हें स्वामित्व का अधिकार दे या राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर इन्हें बिहार सरकार से भूमि उपलब्ध कराये। क्योकि यहाँ के अलावे इनके पास कहीं भी अपनी जमीन नहीं है। स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र या एलपीसी नहीं बन पाने के कारण ये परिवार सरकारी सुविधा से वंचित है। पुनः मैं सबंधित विभाग के मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इन हजारों परिवार के लिए चिंता करें एवं सरकारी सुविधा तथा आवास की व्यवस्था करवाने की कृपा करें।